आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के सभी अट्ठारह अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 का शुभारंभ किया और कहा कि प्रदेश में जल्दी ही शेष सत्तावन जनपदों, तीन सौ पचास तहसीलों और आठ सौ पच्चीस विकास खण्डों में अटल आवासीय जैसे विद्यालय बनाये जाएगें जहां पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चे अध्ययन कर सकेगे। लखनऊ के मोहनलालगंज के सिठौली कलां स्थित अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा जाति मत और मजहब की बंधक नही होती और सरकार का दायित्व उस प्रतिभा को उचित अवसर उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अपील की कि वह छात्रों मे राष्ट्र प्रथम का भाव जागाऐं। उन्होंने एक अगस्त तक हर हाल में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत करने और छात्रों के अभिभावकों से वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करने के निर्देश भी विद्यालय प्रबंधन को दिये। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक शिक्षक की तरफ छात्रों के सवालों के जवाब भी दिये और उनके साथ ग्रुप फोटो शूट कराया।

****

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज कहा कि सुल्तानपुर डकैती काण्ड के आरोपी मंगेश यादव के एन्काउंटर को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा लगाये गये सभी आरोप निराधार हैं और प्रदेश में जाति और धर्म देखकर कोई कार्रवाई नही की जाती। वहीं दूसरी ओर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज कहा कि सुल्तानपुर जूलर्स डकैती काण्ड में पिछले दिनों हुए एन्काउंटर की नियमानुसार मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिये गये हैं और इसमें सारी कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से की गयी। आज लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि डकैती की घटना को अंजाम देने वाला विपिन सिंह लखनऊ और गुजरात की कई बड़ी डकैतियों में शामिल था। इस काण्ड में मंगेश यादव उसका सहयोगी था और घटना में शामिल अन्य अपराधियों के बयानों से भी यह बात स्पषट हो जाती है।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकाश जिलों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया है और मध्य तथा पशिचिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही बुंदेलखण्ड और तराई के क्षेत्रों मे बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक एक कम दबाव का क्षेत्र बुंदेलखण्ड और उससे लगे मध्यप्रदेश के इलाकों में बना हुआ है जिसकी वजह से कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हो सकती है। प्रदेश के हाथरस जिलें मे पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 178 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। हाथरस से सटे फर्रूखाबाद और कांसगंज जिलों मे भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई जिलों मे लगातार बारिश और जल भराव की बजह से आज स्कूल बंद रहे। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बीते चौबीस घंटे से आसमान में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर लगातार बारिश हो रही है। तेज हवा के बीच रूक–रूक कर वर्षा का क्रम अभी भी जारी है। मौसम विभाग ने रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, बिजनौर और फर्रूखाबाद के लिये बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जनपदों में कल भारी बारिश हो सकती है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे से जारी बारिश की वजह से हुए हादसों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। भारी बरिश की वजह से कच्चे मकान के गिरने से हुए हादसे से जनपद मुदाराबाद में दो, बुलंदशहर में दो तथा मथुरा जिले में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जानकारी दी गयी है कि कई जिलों में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सतर्क किया गया है।

****

अयोध्या स्थित राम मंदिर के प्रथम तल का निमार्ण कार्य नवंबर तक पूरा हो जाएगा और राम दरबार अगले छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे समीति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज कहा कि अगले वर्ष मार्च तक राम मंदिर के प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण और राम दरबार की स्थापना तथा राम सीता लक्ष्मण और हनुमान जी की स्थापना भी हो जाएगी उन्होंने कहा कि आगामी शारदीय नवरात्र से यात्री सुविधा केंद्र में अपोलो हॉस्पिटल की तरफ से इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवा शुरू की जाएगी।

****

गोरखपुर के गीता वाटिका में नौ सितम्बर से चल रही राधा अष्टमी महोत्सव में आज श्रद्धालुओं ने दधिकीच यानी दही और हल्दी मिलाकर बनायी गयी सामग्री से होली खेली। इसके पहले श्रद्धालुओं में डांडिया नृत्य भी किया। इस मौके पर गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नगर विकास विभाग सत्रह सितंबर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाने जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के एक सौ पचपनवें जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में एक सौ पचपन घंटे का नॉन–स्टॉप सफाई अभियान चलाया जाएगा।

****